# रकुल प्रीत सिंह का ग्लैमरस अंदाज

## थाई-हाई स्लिट गाउन में ढाया कहर, तस्वीरें वायरल

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपने नए फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सीक्विन गाउन में उनका बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है।







बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपने फैशन सेंस और स्टाइल को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अभिनेत्री का हर नया लुक सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लेता है। हाल ही में रकुल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक शानदार फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस और आकर्षक अंदाज देखने को मिल रहा है। तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर उनके लुक की चर्चा शुरू हो गई।

रकुल ने इस फोटोशूट के लिए भूरे और काले रंग का खूबसूरत सीक्विन गाउन चुना है। गाउन का चमकदार डिजाइन और उस पर नजर आने वाला पैटर्न उनके पूरे लुक को खास बना रहा है। विंटेज अंदाज वाले बैकग्राउंड में कराया गया यह फोटोशूट रकुल के ग्लैमरस व्यक्तित्व को और उभार रहा है।

इस गाउन में वी-नेकलाइन के साथ कमर पर डार्क बेल्ट जैसी डिजाइन दी गई है, जो पूरे परिधान को एक अलग लुक देती है। गाउन में दिया गया हाई स्लिट भी इसका खास हिस्सा है। इसके साथ ही ड्रेस के पीछे लगा बड़ा काला बो और बैकलेस डिजाइन इसे आधुनिक और स्टाइलिश अंदाज दे रहा है। रकुल ने अपने पहनावे के साथ मेकअप को भी काफी संतुलित रखा है। उन्होंने सॉफ्ट ब्राउन आईशैडो, मस्कारा से सजी पलकों, हल्के हाइलाइटेड चीकबोन्स और न्यूड-ब्राउन लिपस्टिक का चुनाव किया। उनका मेकअप उनके पूरे आउटफिट के साथ अच्छी तरह मेल खाता नजर आया।

हेयरस्टाइल की बात करें तो रकुल ने बालों को आगे से स्लीक और सेंटर-पार्टेड रखा। पीछे उन्होंने वॉल्यूमिनस कर्ली लो-पॉनीटेल बनाई, जो उनके लुक को और निखार रही थी। एक्सेसरीज में उन्होंने बड़े आकार के काले और सुनहरे रंग के ज्योमैट्रिक डैंगलर ईयररिंग्स पहने। इसके साथ हाथों में कड़े और पैरों में ब्लैक स्ट्रैपी हील्स ने उनके लुक को पूरा किया।

फोटोशूट के दौरान रकुल ने कैमरे के सामने कई अलग-अलग अंदाज में पोज दिए। कुछ तस्वीरों में वह सीढ़ियों की रेलिंग के पास खड़ी होकर कैमरे की ओर देखती नजर आईं, जबकि कुछ तस्वीरों में उन्होंने साइड प्रोफाइल के जरिए अपने आउटफिट के डिजाइन को दिखाया। रकुल की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर फैंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रशंसक उनके स्टाइल, आउटफिट और पूरे लुक की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। उनकी तस्वीरों पर लगातार लाइक्स और कमेंट्स भी आ रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह का यह नया फोटोशूट एक बार फिर दिखाता है कि वह पारंपरिक और आधुनिक फैशन के बीच संतुलन बनाते हुए अपने लुक को किस तरह खास बनाने में माहिर हैं। उनका यह अंदाज उनके प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# वरुण धवन बनेंगे हॉरर फिल्म के हीरो

यशराज फिल्म्स अब पहली बार हॉरर यानी डरावनी फिल्म के क्षेत्र में कदम रखने जा रही है। इस फिल्म में अभिनेता वरुण धवन मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म का निर्देशन और पटकथा लेखन 'रॉकेट बॉयज़' से पहचान बनाने वाले अभय पन्नू करेंगे।

यशराज फिल्म्स अब पहली बार हॉरर यानी डरावनी फिल्म के क्षेत्र में कदम रखने जा रही है। इस फिल्म में अभिनेता वरुण धवन मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म का निर्देशन और पटकथा लेखन 'रॉकेट बॉयज़' से पहचान बनाने वाले अभय पन्नू करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इसे 2027 में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना है। हालांकि, फिल्म की कहानी और नाम को लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यशराज फिल्म्स ने इस परियोजना के लिए वरुण धवन को मुख्य अभिनेता के तौर पर चुना है। यशराज फिल्म्स ने अब तक एक्शन, रोमांस, कॉमेडी, ड्रामा और रोमांच जैसे कई तरह के विषयों पर फिल्में बनाई हैं, लेकिन डरावनी फिल्मों से अब तक दूरी बनाए रखी थी। ऐसे में यह फिल्म उसके लिए एक नई शुरुआत होगी। इस फिल्म का निर्देशन अभय पन्नू करेंगे, जबकि निर्माता अक्षय विधानी इस परियोजना को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। 'रॉकेट बॉयज़' की सफलता के बाद यह अभय पन्नू की पहली फिल्म होगी, जो सीधे सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यशराज फिल्म्स की यह परियोजना नए दौर के फिल्मकारों को बड़े पर्दे पर अपनी कहानियां पेश करने का मौका देने की रणनीति का भी हिस्सा मानी जा रही है। 'सैयारा' की सफलता के बाद आदित्य चोपड़ा के मार्गदर्शन में यशराज फिल्म्स मोहित सूरी, समीर सक्सेना और अब अभय पन्नू जैसे निर्देशकों के साथ काम कर रहा है। 'सुई धागा' के बाद वरुण धवन की यशराज फिल्म्स के साथ यह दूसरी फिल्म होगी। इस बार वह स्टूडियो की पहली डरावनी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे।



# 'द पैराडाइज' का टीजर रिलीज





अभिनेता नानी और राघव जुयाल की बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया फिल्म 'द पैराडाइज' का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर सामने आते ही फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। इसमें नानी और राघव जुयाल के किरदारों के बीच होने वाली जबरदस्त टक्कर की झलक देखने को मिलती है। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक्शन, ड्रामा और दमदार विजुअल्स का जबरदस्त मेल देखने को मिल रहा है। फिल्म की कहानी स्लम इलाके की पृष्ठभूमि में बुनी गई है। टीजर में नानी एक बेहद दमदार और खौफनाक अंदाज में नजर आते हैं, वहीं राघव जुयाल का किरदार भी काफी खतरनाक दिखाई दे रहा है। दोनों कलाकारों का आमना-सामना फिल्म के रोमांच को और बढ़ाता नजर आता है।

'द पैराडाइज' नानी और निर्देशक श्रीकांत ओडेला की 'दसरा' के बाद दूसरी फिल्म है। 'दसरा' की सफलता के बाद दोनों की जोड़ी से दर्शकों को इस फिल्म से भी काफी उम्मीदें हैं। फिल्म का गाना 'आया शेर' पहले ही दर्शकों के बीच अपनी जगह बना चुका है। यूट्यूब पर इस गाने को 20 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, जबकि इसे 18 लाख से अधिक लाइक्स भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी गाने की लोकप्रियता देखने को मिल रही है और इस पर बड़ी संख्या में रील्स बनाई जा चुकी हैं। एसएलवी सिनेमाज के बैनर तले बनी 'द पैराडाइज' 24 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, अंग्रेजी, स्पेनिश, बंगाली, कन्नड़ और मलयालम सहित आठ भाषाओं में दर्शकों के सामने आएगी।

एसएलवी सिनेमाज के बैनर तले बनी 'द पैराडाइज' 24 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, अंग्रेजी, स्पेनिश, बंगाली, कन्नड़ और मलयालम सहित आठ भाषाओं में दर्शकों के सामने आएगी।



# 'बयान' के आईएफएफएम प्रीमियर से खुश हुमा कुरैशी

अभिनेत्री हुमा कुरैशी अपनी आगामी फिल्म 'बयान' के 2026 इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में ऑस्ट्रेलियन प्रीमियर को लेकर काफी खुश हैं। बिकास रंजन मिश्रा के निर्देशन में बनी यह हिंदी पुलिस प्रोसीजरल ड्रामा फिल्म फेस्टिवल की आधिकारिक लाइन-अप में शामिल की गई है। फिल्म का ऑस्ट्रेलियन प्रीमियर मेलबर्न में होगा। 'बयान' में हुमा कुरैशी एक जुझारू पुलिस अधिकारी रूही की भूमिका निभा रही हैं। कहानी रूही के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने करियर के पहले बड़े मामले की जांच की जिम्मेदारी संभालती है।

मामला एक प्रभावशाली धार्मिक गुरु पर लगे यौन शोषण के आरोपों से जुड़ा है। जांच आगे बढ़ने के साथ रूही को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उसे व्यवस्था की चुनौतियों के साथ-साथ ऐसे लोगों से भी जूझना पड़ता है, जो सामने आकर गवाही देने से डरते या हिचकिचाते हैं। इस दौरान फिल्म सत्ता, सच्चाई और न्याय के बीच के जटिल रिश्ते को भी सामने लाती है। फिल्म को लेकर हुमा कुरैशी ने कहा कि 'बयान' उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और भावनात्मक रूप से संतोष देने वाली फिल्मों में से एक है। उनके मुताबिक, रूही ऐसा किरदार है जो तमाम दबावों के बावजूद अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करती।

इस भूमिका ने उन्हें बतौर कलाकार खुद को नए तरीके से समझने और सीखने का मौका दिया। हुमा ने यह भी कहा कि फिल्म की खासियत सिर्फ इसकी जांच-पड़ताल और रोमांच में नहीं है, बल्कि यह सत्ता, सच और न्याय जैसे गंभीर मुद्दों पर भी सवाल खड़े करती है। उन्होंने आईएफएफएम 2026 में फिल्म के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए उम्मीद जाहिर की कि दर्शक 'बयान' की कहानी से जुड़ेंगे और फिल्म का असर लंबे समय तक उनके साथ रहेगा।

'बयान' में हुमा कुरैशी एक जुझारू पुलिस अधिकारी रूही की भूमिका निभा रही हैं। कहानी रूही के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने करियर के पहले बड़े मामले की जांच की जिम्मेदारी संभालती है। मामला एक प्रभावशाली धार्मिक गुरु पर लगे यौन शोषण के आरोपों से जुड़ा है।

# थलपति विजय व संगीता में सुलह!

तमिल सुपरस्टार और अभिनेता से नेता बने थलपति विजय की निजी जिंदगी से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। विजय और उनकी पत्नी संगीता सोरनलिंगम के बीच चल रहे तलाक के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। संगीता ने चेंगलपट्टू जिला अदालत में दायर अपनी तलाक की याचिका वापस ले ली है। उनकी याचिका वापस लेने के बाद अदालत ने मामले का निपटारा कर दिया। यानी फिलहाल थलपति विजय और संगीता के बीच तलाक की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों के बीच समझौता हो गया है और पारिवारिक विवाद को खत्म करने की दिशा में सहमति बनी है।

संगीता सोरनलिंगम ने फरवरी 2026 में विजय से तलाक की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था। अपनी याचिका में उन्होंने विजय पर गंभीर आरोप लगाए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, संगीता ने दावा किया था कि विजय का एक महिला अभिनेत्री के साथ कथित संबंध था और उन्हें इसकी जानकारी वर्ष 2021 में हुई थी। संगीता का आरोप था कि विजय ने इस रिश्ते को खत्म करने का भरोसा दिलाया था, लेकिन बाद में भी कथित तौर पर वह संबंध जारी रहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि विजय उस अभिनेत्री के साथ सार्वजनिक जगहों के अलावा विदेश यात्राओं पर भी जाते रहे। मामले की सुनवाई के दौरान संगीता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत के सामने पेश हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वह अब तलाक की याचिका को आगे नहीं बढ़ाना चाहतीं। 'इंडिया टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संगीता के बयान के आधार पर उनकी याचिका वापस लेने की अर्जी स्वीकार कर ली गई। इसके बाद अदालत ने मामले को वापस लिया हुआ मानते हुए उसका निपटारा कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिवादी पक्ष के वकील को भी नोटिस भेजा गया था और उन्होंने याचिका वापस लेने पर कोई आपत्ति नहीं जताई। इसके बाद अदालत ने मामले को समाप्त कर दिया। तलाक की याचिका को लेकर थलपति विजय और संगीता का रिश्ता लंबे समय से चर्चा में था। संगीता ने कथित तौर पर विजय पर मानसिक प्रताड़ना समेत कई आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि उन्हें वर्ष 2021 में विजय के कथित अफेयर के बारे में जानकारी मिली थी। संगीता के मुताबिक, आश्वासन के बावजूद यह रिश्ता पूरी तरह खत्म नहीं हुआ और विजय का उस अभिनेत्री के साथ मेलजोल जारी रहा। इन आरोपों के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया और मीडिया में भी काफी चर्चा हुई थी। तलाक की कार्यवाही के दौरान संगीता ने विजय के चेन्नई स्थित घर में रहने की अनुमति भी मांगी थी।



# विद्या बालन ने बुनकरों को किया सलाम



नेशनल हैंडलूम डे के मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने भारतीय हथकरघा परंपरा और इसे पीढ़ियों से आगे बढ़ाने वाले बुनकरों व कारीगरों को सम्मान दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और संदेश साझा करते हुए लोगों से असली हैंडलूम सिल्क और सिल्क मार्क वाले उत्पाद खरीदने की अपील की।

विद्या बालन ने अपने संदेश में कहा कि हर हैंडलूम सिल्क साड़ी अपने भीतर एक ऐसी कहानी समेटे होती है, जिसे मशीन कभी दोहरा नहीं सकती। उन्होंने कहा कि नेशनल हैंडलूम डे उन कारीगरों को सम्मान देने का अवसर है, जिनकी मेहनत, कला और हुनर ने भारत की समृद्ध बुनाई परंपराओं को आज तक जीवित रखा है। अभिनेत्री ने लोगों से शुद्ध रेशम की खरीदारी करते समय सिल्क मार्क जरूर देखने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह शुद्ध रेशम की पहचान करने में मदद करता है और उपभोक्ताओं को असली सिल्क उत्पाद चुनने में भरोसा देता है। अपने वीडियो में विद्या बालन ने हथकरघा साड़ियों की खासियत बताते हुए कहा कि इनके हर धागे, मोटिफ और बारीकी के पीछे कारीगरों की मेहनत और पीढ़ियों से चली आ रही कला की झलक दिखाई देती है। यही वजह है कि प्रत्येक हैंडलूम सिल्क साड़ी अपने आप में खास और अनूठी होती है। विद्या बालन का यह संदेश सिर्फ हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय बुनाई की समृद्ध विरासत और उससे जुड़े लाखों कारीगरों के योगदान को पहचान देने की कोशिश भी है। उनका संदेश लोगों को पारंपरिक भारतीय शिल्प को अपनाने और स्थानीय कारीगरों की मेहनत का समर्थन करने के लिए प्रेरित करता है।